प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

5days Training On“Tourist Assistance Force”01

दिनांक 17-04-2023 to 21-04-2023

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक **17-04-2023** से **21-04-2023** तक **Training on “Tourist Assistance Force”** विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम लेक्चर थियेटर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जयपुर जिले से पर्यटन सहायक कार्मिक स्तर के **36** प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन **10**:30-**11**:30**AM** तक डॉ0 रश्मि शर्मा, डायरेक्टर पर्यटन विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा लेक्चर थियेटर में उदघाटन किया गया। उसके बाद कोर्स में प्रतिभागियो का ग्रुप फोटो सेशन व पंजीकरण करवाया गया।

कोर्स के प्रथम दिन के प्रथम सत्र में श्री रनविजय सिंह, होटल उम्मेद महल, जयपुर पर्यटकों के लिए लागू यात्रा औपचारिकताएं अर्थात पासपोर्ट, वीजा, ई-वीसा आदि राजस्थान में पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाएं के बारे में जानकारी प्रदान की। द्वितिय एवं तृतीय सत्र में श्री श्रीपाल सिंह, पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी, पर्यटन थाना जयपुर ने पर्यटक पुलिस के लिए व्यावसायिक आवश्यकता, सेवा प्रदाताओं की भूमिका और उत्तरदायित्व पर्यटकों से संबंधित मौजूदा कानून और पर्यटकों के प्रति कानून प्रवर्तन एजेंसियों का संवेदीकरण के बारे में बताया।

द्वितीय दिन के प्रथम एवं द्वितीय सत्र में श्री मनीष् पाण्डेय, जयपुर ने राजस्थान में पर्यटन उद्योग के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों की वैचारिक रूपरेखा के बारे में बताया। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में श्री नारायण बाजिया, डीडी, टैफ, जयपुर ने राजस्थान में आने वाले पर्यटकों को हो रही परेशानी पर्यटकों के विरुद्ध सामान्य अपराध पर्यटक पुलिस व्यवस्था का महत्व राजस्थान में पर्यटक पुलिस की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी।

तृतीय दिन के प्रथम एवं द्वितीय सत्र में श्री रणवीर सिंह, संयुक्त निदेशक, ने अतुल्य भारत की अवधारणा"अतिथि देवो भव" और "पधारो महरे देश" की अवधारणा देश भर में पर्यटकों के प्रवाह की तुलनात्मक स्थिति और उद्योग में राजस्थान का योगदान के बारे में बताया। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में श्री विजय महरावल, पुलिस निरीक्षक (सेवानिवृत्त) एफआरओ कार्यालय, जयपुर ने आप्रवासन और वीज़ा आदि के विस्तार के संबंध में एफ़आरओ की भूमिका और उत्तरदायित्व दूतावास/उच्च आयोगों पर जानकारी प्रदान की।

चतुर्थ दिन के प्रथम सत्र में श्री धीरज वर्मा, पुलिस निरीक्षक, आरपीए, जयपुर ने पर्यटक पुलिस के समूह व्यवहार और क्रॉस सांस्कृतिक प्रबंधन संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास को समझना पर्यटकों के साथ दुर्घटना होने पर आपात स्थिति से निपटना के बारे में जानकारी दी। द्वितीय सत्र में श्री उमेश गौतम, पुलिस निरीक्षक, आरपीए, जयपुर ने पर्यटक पुलिस के लिए आचार संहिता पर्यटक पुलिस के शिष्टाचार, शिष्टाचार, दृष्टिकोण और व्यवहार यात्रा के दौरान सुरक्षित, सुरक्षित और परेशानी मुक्त मार्ग के लिए पर्यटकों को संवेदनशील के बारे में बताया। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में श्री विजय महरावल, पुलिस निरीक्षक (सेवानिवृत्त) एफआरओ कार्यालय, जयपुर ने पर्यटक पुलिस और पर्यटक सहायता बल के कर्तव्य और दायित्व पर्यटन स्थलों के आसपास दलालों, फेरीवालों और भिखारियों की गतिविधियों के खिलाफ अभियान मुद्रा विनिमय के दौरान पर्यटकों को सहायता के बारे में बताया।

पंचम दिन के प्रथम एवं द्वितीय सत्र में श्री आरपी राजू, पूर्व सलाहकार, परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई ने विभिन्न पर्यावरणीय योजनाएं जैसे स्वच्छ भारत अभियान और ई-वीजा एवं तनाव प्रबंधन के बारे में बताया।

श्री कैलाश चन्द्र, उप महानिरीक्षक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर के मुख्य अतिथित्य में कोर्स के समापन सत्र का आयोजन किया गया, जिनके द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कोर्स के अन्त में कोर्स डायरेक्टर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स का विधिवत समापन किया गया।

हस्ताक्षर

कोर्स निदेशक